## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में मोटापे के खिलाफ मुहिम चलाने का किया आह्वान, लोगों से खाद्य तेल की खपत में दस प्रतिशत की कमी करने का किया आग्रह।**
- **केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में केंद्रीय बजट को बताया रोडमैप, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हजारीबाग में केंद्रीय बजट परिचर्चा कार्यक्रम में बजट को बताया लाभकारी।**
- **झारखंड विधानसभा का बजट सत्र कल से शुरू, सत्र से पहले रांची में कांग्रेस की रणनीतिक बैठक आयोजित, सभी विधायकों को बजट सत्र के दौरान उपस्थिति सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश।**
- **गिरिडीह में झारखंड–बंगाल एटीएस की संयुक्त कार्रवाई, अवैध हथियार फैक्ट्री पर छापा, छह लोग गिरफ्तार।**
- **झारखंड के तीरंदाजों का एशिया कप में शानदार प्रदर्शन, गोल्डी मिश्रा और विष्णु चौधरी ने दिलाई भारत को जीत।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं और इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि लोग अपने खान–पान की आदतों में कुछ बदलाव कर फिट रह सकते हैं।

*******************

राजधानी रांची में भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ ने केंद्रीय बजट पर परिचर्चा आयोजित की। इस दौरान केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में बजट को रोडमैप बताया।इधर, हजारीबाग में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बजट परिचर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने बजट को सभी वर्गों के लिए लाभकारी बताया।

*******************

षष्ठम झारखंड विधानसभा का बजट सत्र कल से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन सुबह साढ़े ग्यारह बजे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण होगा। फिर शोक प्रकाश के बाद सभा की कार्यवाही स्थगित हो जाएगी। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा का बजट सत्र कल से 27 मार्च तक चलेगा। आगामी बजट सत्र के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में विधानसभा परिसर में बैठक आयोजित हुई, जिसमें एसएसपी रांची समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सुरक्षा को देखते हुए सदर एसडीओ ने विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है। इस दौरान जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव पर प्रतिबंध रहेगा।

*******************

झारखंड विधानसभा बजट सत्र से पहले रांची में कांग्रेस की रणनीतिक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने विपक्ष के हर सवाल का मजबूती से जवाब देने का निर्देश दिया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सत्र के दौरान विधायकों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

*******************

देवघर जिले में महाशिवरात्रि पर बाबा बैद्यनाथ की भव्य शिवबारात की तैयारी अंतिम चरण में है। पूरे शहर को रंग–बिरंगी लाइटों से सजाया गया है, जिससे मेला क्षेत्र आकर्षक नजर आ रहा है। उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि 26 फरवरी को शिव बारात केके स्टेडियम से निकलेगी और विभिन्न मार्गों से होते हुए बाबा मंदिर पहुंचेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शीघ्रदर्शनम की राशि इस दिन 600 रुपये निर्धारित की गई है।

*******************

गिरिडीह पुलिस ने झारखंड और बंगाल एटीएस के सहयोग से पिस्तौल बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारकर दर्जनों हथियार बरामद किए हैं। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने जानकारी दी कि फैक्ट्री से 10 तैयार पिस्तौल, लेथ मशीन, जनरेटर जब्त किए गए और छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

*******************

गोड्डा जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार की ओर से सर्वे कराया जा रहा है।

*******************

झारखंड में अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों को बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की अपील की है।

*******************

थाईलैंड में आयोजित एशिया कप 2025 तीरंदाजी टूर्नामेंट में भारतीय तीरंदाजों ने 8 पदक जीते हैं। इन में झारखंड के गोल्डी मिश्रा और विष्णु चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

गोल्डी, राहुल और विष्णु की टीम ने चीन को हराकर पुरुष रिकर्व टीम इवेंट में गोल्ड जीता। इसके अलावा, विष्णु ने व्यक्तिगत रिकर्व पुरुष स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया है।

*******************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे मैच में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को दो सौ ब्यालीस रनों का लक्ष्य दिया है।

*******************

**संक्षिप्त खबरें**

- दुमका जिले के राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। ग्रामीण क्षेत्रों से आए बच्चों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षु आईएएस अभिनव कुमार और उपसमाहर्ता अब्दुल समद ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।
- सिमडेगा जिले के मुख्य बाजार में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर, बच्चों को बाल गृह सामटोली भेजा गया है। प्रशासन और बाल संरक्षण टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर यह कार्रवाई की।
- लोहरदगा में सेवा भारती ने चुन्नीलाल उच्च विद्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया, जिसमें 60 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। डॉक्टरों ने बदलते मौसम में सावधानी बरतने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।

*******समाप्त********